तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 सितंबर 2025

13 गायत्री शक्तिपीठ से शक्ति कलश की भव्य शोभायात्रा ...



12 रैली, शपथ व स्वास्थ्य शिविर के साथ मनाया ...





## खबर संक्षेप

### चाकू बरामद और आरोपी हुआ गिरफ्तार

**बालोद।** पुलिस द्वारा बटनदार चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 25 एआरएम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। मुखबीर की सूचना पर पुराना बस स्टैण्ड शिव मंदिर बालोद के पास बालोद पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा, पूछताछ पर उपरोक्त संदिग्ध व्यक्ति ने अपना नाम अकरम खान बताया, पूछताछ पर वहां पर बैठने का कारण नहीं बता रहा था, कि संदेही को मुखबीर सूचना से अवगत कराकर गवाहों के समक्ष तलाशी बाबत नोटिस दिया गया, संदेही के द्वारा अपना स्वयं की तलाशी हेतु सहमति देने पर संदेही से स्टाफ तथा गवाहो की तलाशी देकर पंचनामा तैयार किया गया। गवाहों के समक्ष संदेही खालेपारा वार्ड नं. 11 बालोद निवासी अकरम खान पिता शाहिद खान 22 वर्ष की तलाशी लिया, संदेही के पेंट की जेब में छुपाकर रखे एक नग प्रिंगदार बटन चाकू मिला, जिसे संदेही के कब्जा से बरामद कर बरामदगी पंचनामा तैयार किया, तलाशी बाद बरामद किये गये लोहे की चाकू की अवलोकन एवं नापने पर आर्म्स एक्ट की परिधी में होना पाये जाने से संदेही को धारा 94 बीएनएसएस की नोटिस देकर चाकू रखने के संबंध में वैध दस्तावेज चाहा संदेही द्वारा कोई लायसेंस नही होना लेख कर देने पर आरोपी का कृत्य अपराध धारा 25 आर्म्स एक्ट का होना पाये जाने से उसके कब्जे से बरामद लोहे की चाकू को जप्त कर पुलिस कब्जा लिया गया।

### तीन युवकों ने की मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** जिले के गांव भटगांव में तीन युवकों के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। पीड़ित टीकाराम साहू 19 ने इंद्रजीत महिपाल 24, केशव जोशी 26 और राजकुमार देशलहरे 19 के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी है। घटना के संबंध में बताया गया कि 9 सितंबर की रात टीकाराम अपने दो दोस्तों छत्रपाल साहू और थलेश साहू के साथ गांव के बांध तालाब के पास गए थे। इस दौरान तीनों आरोपी युवकों ने पीड़ितों को गाली-गलौज करते हुए उनके कपड़े उतरवाए और लाठियों से पीटा। टीकाराम और थलेश से उनके गुप्तांगों को पकड़वाया गया। आरोपियों ने पीड़ितों के हाथ साड़ी के टुकड़ों से बांध दिए और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और घटना के बारे में किसी को भी बताने से मना किया। इस घटना में टीकाराम, छत्रपाल और थलेश को शरीर के अलग-अलग हिस्सों में चोटें आईं। डर के कारण उन्होंने तुरंत पुलिस में शिकायत नहीं की। टीकाराम के पिता को घटना के बारे में पता चला, जिसके बाद परिवार वालों के समझाने पर उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराने का फैसला किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 115(2), 126(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### स्कूटी को शरारती तत्वों ने किया आग के हवाले

**बालोद।** घर के सामने स्कूटी रखकर अपने काम से दुर्ग गई युवती जब वापस आई तो अज्ञात व्यक्ति द्वारा युवती के स्कूटी पर आग लगा दिया गया था। जिसके बाद युवती द्वारा अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिसमे पुलिस ने धारा 326 (एफ) बीएएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ऐसी ही एक घटना पूर्व मे भी नगर मे हो चुकी है। नगर मे बीते एक पखवाड़े मे इस प्रकार की दूसरी घटना है। जिला अस्पताल बालोद में लैब टेक्निशियन के पद पर कार्यरत कुर्मीपारा बालोद निवासी हीना धुरर्वे ने पुलिस को बताया कि 13 सितंबर को मैने अपनी स्कूटी एक्टिवा 3 जी क्रमांक सीजी 07 बीबी 5877 को दोपहर करीब 03 बजे हमारे घर के सामने खड़ा कर अपनी कार से दुर्ग गई थी, जहां से रात्रि करीबन 11.45 बजे घर वापस आयी तब मेरी सास शायरा बानो खान ने बतायी कि रात्रि करीबन 10 बजे घर बाहर खड़े हमारी स्कूटी एक्टिवा 3 शेष पेज 12 पर

# आत्मानंद स्कूल में यातायात व साइबर क्राइम पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

यातायात पुलिस बालोद के द्वारा आत्मानंद स्कूल आमापारा के बच्चों को यातायात नियमों एवं साइबर जागरूकता की जानकारी दी गई। मुख्य रूप से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं के कारण बताते हुए नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं चलाने की समझाइस दी गयी। यातायात बालोद द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं नाबालिक वाहन चालक बच्चों के पालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से यातायात जागरूकता अभियान एवं बच्चों के सोशल मीडिया प्रयोग के दौरान साइबर ठगी से बचने के उपाय के संबंध में विस्तार से बताया गया। यातायात जागरूकता के साथ साइबर जागरूकता अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल आमापारा बालोद में जाकर स्कूली बच्चों को सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों से अवगत कराते हुए, यातायात नियमों एवं संकेतों के बारे मे बताया गया साथ ही स्कूली नाबालिग छात्र–छात्रओं को दोपहिया वाहन नहीं चलाने के समझाईश दिया गया, साथ ही बच्चों को बताया गया की नाबालिग बालक–बालिका वाहन चलाते पाएं जाते है तो उनके पालकों को शेष पेज 12 पर

- नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने की दी गई समझाइश

विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड से बचाव पर टिप्स दिए





तैयारी

### कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने की तैयारियों की समीक्षा

# राज्य निर्माण की रजत जयंती पर आयोजित होगा रोजगार मेला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिले के अधिक से अधिक युवा–युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आयोजित रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के गंजपारा स्थित महादेव भवन में 30 अक्टूबर 2025 को जिला स्तरीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।

- 90 हजार से अधिक युवाओं ने कराया रोजगार पंजीयन

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिला स्तरीय वृहद रोजगार मेला के सफल आयोजन सुनिश्चित करने हेतु संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर आयोजन के तैयारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने वृहद रोजगार मेला में बेरोजगार युवा–युवतियों को अधिक से अधिक रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जिले तथा राज्य एवं राज्य के बाहर के रोजगार प्रदाता संस्थानों को आमंत्रित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को वृहद रोजगार मेला के सफल आयोजन हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि इस वृहद रोजगार मेला में शामिल होने हेतु युवा–युवतियों को छत्तीसगढ़ रोजगार एप्प एवं वेबसाईट में अपना रोजगार पंजीयन कार्ड को अपडेट करना आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से बारी–बारी से जानकारी लेकर आयोजन के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने वृहद रोजगार मेला में उपस्थित लोगों के भोजन, पेयजल, साफ–सफाई आदि अन्य सभी व्यवस्थाओं के लिए बैठक में उपस्थित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केन्द्र के अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ रोजगार एप्प एंव वेबसाईट में 90 हजार 877 लोगों ने अपना पंजीयन कराया है। जिसमें से अभी तक 40 हजार 724 पंजीकृत आवेदकों का आधार लिंक हो गया है। उन्होंने बताया कि शेष आवेदक वृहद रोजगार मेले में शामिल होना चाहते हैं।

उन्हें छत्तीसगढ़ रोजगार एप्प अथवा वेबसाईट में रोजगार पंजीयन कार्ड को आधार से अपडेट कराना आवश्यक है। वे स्वयं अथवा नजदीकी च्वाईस सेन्टरों के माध्यम से अपना रोजगार पंजीयन कार्ड को आधार से अपडेट करा सकते हैं। इसके अलावा यदि कोई आवेदक कंपनी में रोजगार हेतु जाने के इच्छुक नही है ऐसे आवेदकों के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बालोद एवं कौशल विकास विभाग द्वारा विश्वकर्मा योजना के तहत उन्हें कौशल उन्नयन हेतु चिन्हांकित कर कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद पर संपर्क किया जा सकता है।

30 अक्टूबर को जिला स्तरीय वृहद रोजगार मेला



# मारपीट से घायल बुजुर्ग ने अस्पताल में तोड़ा दम आरोपी बेटा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद



बेटे ने अपने पिता के साथ मारपीट कर दी, ग्राम के सरपंच ने आरोपी के खिलाफ ग्राम के सरपंच ने रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिसके बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम चंदनबिरही निवासी गोकुल राम ठाकुर ने पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में ग्राम पंचायत चंदनबिरही का सरपंच है।

13 सितंबर को शाम 07.30 बजे मैं एवं मेरे गांव के साथी विकास कुमार साहू, श्याम लाल साहू के साथ बाजार चौक ग्राम चंदनबिरही के पास खड़े थे, उसी समय हमारे गांव के लक्ष्मू सोरी पिता फिरंगी सोरी के घर तरफ से चिल्लाने की आवाज आने पर मैं अपने साथी विकास साहू, श्यामलाल साहू के साथ लक्ष्मू सोरी के घर के पास जाकर देखा तो लक्ष्मू सोरी के घर के अंदर उसका लड़का यशपाल सोरी अपने पिता लक्ष्मू सोरी को घरेलू बातों को लेकर गाली गलौज करते हुए धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट कर रहा था, जिसे हम लोगों के द्वारा बीच बचाव किया गया।

यशपाल सोरी के द्वारा अपने पिता लक्ष्मू सोरी को मारपीट करने से लक्ष्मू सोरी के मुंह व शरीर में चोंटे आया है। जिसे हमारे गांव के कोटवार लोकेश कुमार के द्वारा एम्बुलेंस वाहन को बुलाकर उपचार हेतु जिला अस्पताल धमतरी लेकर गये है। वही मिली जानकारी के अनुसार ईलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई है तथा मारपीट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# कबड्डी प्रीमियर लीग में 8 टीमों के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला, डौंडी फाइटर्स रहा विजेता





हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिला कबड्डी संघ बालोद के तत्वाधान में बालोद कबड्डी प्रीमियर लीग के प्रथम सीजन का आयोजन 12 सितंबर से 14 सितंबर तक सरदार पटेल मैदान बालोद में किया गया। इस प्रतियोगिता में 8 टीमों ने हिस्सा लिया बालोद बुल्स, गुरुर पिंक पैंथर, राजहरा स्टीलर्स, लोहारा योद्धा, डौंडी फाइटर, दबंग देवरी, गुण्डरदेही वॉरियर्स, अर्जुंदा लायंस इस तरह बालोद जिला के सभी ब्लॉकों ने भाग लिया।

- सांसद विजय बघेल सहित जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डौडी फाइटर, द्वितीय स्थान गुरुर पिंग पैंथर्स, तृतीय स्थान राजहरा स्टीलर्स एवं चौथे स्थान पर लोहारा योद्धा रही, प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सांसद दुर्ग विजय बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख एवं छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष शशि बघेल, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष हरीश सांखला थे एवं अध्यक्षता लक्ष्मण देवांगन ने किया। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, मोहन नाहटा, ताराचंद सांखला, अध्यक्ष राइस मिल्स अनिल मुंदडा, दीपक देवांगन अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इस आयोजन को सफल बनाने में बीकेपीएल शेष पेज 12 पर

### शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**गुरूर।** स्थानीय पुलिस ने एक विवाहित महिला से दुष्कर्म के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नीलकंठ यादव उर्फ नीलू यादव के रूप में हुई है, जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पीड़िता ने 14 सितंबर को गुरूर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि नीलकंठ यादव ने 2019 से शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया। जब महिला 4 महीने की गर्भवती हुई, तो आरोपी ने बच्चे को अपना मानने से इनकार कर दिया और शादी करने से मना कर दिया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत मामला दर्ज किया। गुरूर पुलिस ने 15 सितंबर को आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर बालोद न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे बालोद जिला जेल भेज दिया गया है।



# सरकार नवरात्रि पर कर सकती है निगम-मंडलों में नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

प्रदेश में नवरात्रि का पर्व इस बार भाजपा नेताओं के लिए नई उम्मीदें लेकर आ सकता है। लंबे इंतजार के बाद अब निगम, मंडल और आयोग में बची हुई नियुक्तियों पर सरकार जल्द बड़ा ऐलान कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विदेश प्रवास से लौटने के बाद भाजपा संगठन और सरकार के बीच मंथन का दौर लगभग पूरा हो चुका है। ऐसे में संभावना है कि 22 सितंबर से शुरू हो रहे नवरात्रि पर्व पर करीब तीन दर्जन पदों पर नियुक्ति की घोषणा होगी।

- जिने के नेताओं को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी, निगाहे पर नियुक्ति पर

**पिछली बार अप्रैल में हुई थीं बड़ी नियुक्तियां:** भाजपा सरकार बनने के बाद अप्रैल माह में 34 निगम और मंडलों के 36 पदों पर नेताओं की ताजपोशी की गई थी। हालांकि आधा दर्जन पदों पर कानूनी व संगठनात्मक पेंच फंस जाने से कुछ नेताओं को दूसरे मंडलों में समायोजित करना पड़ा। अब बचे हुए पदों पर पार्टी नेताओं को समायोजित करने की तैयारी अंतिम चरण में है।

### बालोद के नेता को भी मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

प्रदेश की राजनीति में सक्रिय बालोद जिले के एक प्रभावशाली नेता को भी इस बार लाल बत्ती का तोहफा मिलने के संकेत हैं। संगठन स्तर पर इसे लेकर चर्चा भी तेज हो गई है।

**इन निगम-मंडलों में हैं पद खाली:** नवरात्रि में नियुक्तियों की घोषणा होने पर जिन महत्वपूर्ण संस्थाओं में पद भरने की संभावना है, उनमें शामिल हैं मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, फिल्म विकास निगम, मत्स्य महासंघ, हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी, सहकारी संघ इसके साथ ही पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष बनाए जाने हैं। वहीं रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण शेष पेज 12 पर

मूर्तिकार मां दुर्गा को अंतिम रूप देने में जुटे, नहीं बढ़ा रहे प्रतिमा के दाम

# प्रतिमा बनाने वाली मिट्टी 50 हजार ट्रक तक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन इस बार दल्लीराजहरा के प्रतिमा कारीगरों के चेहरों पर रौनक नहीं है। मां दुर्गा की मूर्तियों के लिए लगने वाली काली मिट्टी के दाम आसमान छू गए हैं। दल्लीराजहरा शहर में सामान्य मिट्टी जो पहले 2 हजार प्रति ट्रक मिलती थी, अब 4 हजार में मिल रही है। वहीं खास पुण्य माटी वह 50 हजार रुपए प्रति ट्रक तक पहुंच चुकी है।

दल्लीराजहरा स्थानीय कारीगर रामसहाय विश्वकर्मा बताते हैं, पहले हम 10-12 हजार की लागत में एक बड़ी प्रतिमा तैयार कर लेते थे, लेकिन अब सिर्फ मिट्टी ही 6-7 हजार महंगी पड़ रही है। इसके अलावा रंग, कपड़ा, बांस, लकड़ी सब कुछ महंगा हो गया है। लेकिन मूर्ति के दाम नहीं बढ़ा सकते, वरना ग्राहक नहीं खरीद पाएंगे। इसी तरह ललित कुमार बीते 25 साल से मूर्तियां बना रहे हैं, कहते हैं –एक तरफ हमारी लागत बढ़ रही है, दूसरी तरफ श्रद्धालुओं की जेब कमजोर है। मूर्ति बनाते वक्त लगता है जैसे हम भगवान की सेवा कर रहे हैं, इसलिए दाम नहीं बढ़ाते। पर सच कहें तो अब यह काम घाटे का सौदा बनता जा रहा है। युवा कारीगर चंदन साव बताते हैं 7 दिन बाद नवरात्रि शुरू होगी। इस बार मिट्टी महंगी है, पर हम मेहनताना नहीं बढ़ा सकते। मजबूरी में घाटा झेलकर ही मूर्तियां तैयार करनी पड़ रही हैं। अगर यही हाल रहा तो आने वाले वर्षों में कई कारीगर यह काम छोड़ देंगे।

नवरात्रि पर्व आस्था और उत्साह का प्रतीक है। दल्लीराजहरा के श्रद्धालु इस बार भी मां दुर्गा की सुंदर प्रतिमाओं की स्थापना करेंगे। लेकिन प्रतिमाओं के पीछे कारीगरों की मेहनत, पसीना और महंगाई की मार छिपी हुई है।दल्लीराजहरा के कारीगरों का कहना है कि सरकार या प्रशासन अगर इस ओर ध्यान दे और मिट्टी तथा सामग्री की आपूर्ति में मदद करे तो उनकी पीड़ा कुछ कम हो सकती है। फिलहाल तो स्थिति यह है कि महंगी मिट्टी और सस्ती मूर्तियों के बीच उनका श्रम पिस रहा है।





# एपीके फाइल भेजकर युवक के खाते से 55,612 रुपए की ऑनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

वाट्सअप ग्रुप मे आए एक एपीके फाईल को डाउनलोड करने के बाद युवक के बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 55,612 रूपये की धोखाधड़ी कर दिया गया। जिसके बाद युवक द्वारा अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया।

मामले मे प्रार्थी की सजगता से बैंक मे रखे लाखो रूपये बच गए। ग्राम उमरादाह थाना व जिला बालोद निवासी चिरंजीव कुमार नायक पिता ढालसिंह 33 वर्ष ने पुलिस को बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाटाबोड़ में आरएचओ. के पद पर कार्य करता हूं। मेरे नाम से इंडियन बैंक शाखा बालोद में बचत खाता एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा बालोद में बचत खाता संचालित है। बीएमओ बालोद के नाम से बने व्हाट्सअप ग्रुप जिसमें मेरा मोबाईल नम्बर जुड़ा हुआ है उसी में 30 सितंबर 2025 को एक आरटीओ चालान एपीके आया, जो मेरे मोबाईल में डाउनलोड़ हो गया था, जिसे मैंने डिलिट किया। 10 सितंबर 2025 को मेरे मोबाईल नम्बर में यूपीआइ के माध्यम से बार– बार ओटीपी आने लगा, जिस कारण मैंने 11 सितंबर 2025 को भारतीय स्टेट बैंक शाखा बालोद में जाकर बैंक के अधिकारियों से सम्पर्क कर ओटीपी आने के संबंध में बताकर अपने खाता से 4,00,000 रूपये निकाल कर घर वापस आकर दोनो बैंक खाता को चेक करने पर इंडियन बैंक खाता से यूपीआई के माध्यम से क्रमशः 50,000, 10, 1000, 100, 1000, 2000, 500 रूपये इस प्रकार कुल 54,610 रूपये एवं भारतीय स्टेट बैंक खाता से 1002 रूपये, दोनो बैंक खाता से कुल 55,612 रूपये किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेरे बैंक खाता से ट्रांसफर कर मेरे साथ धोखाधड़ी किया है।

## खबर संक्षेप

### लौह नगरी में कल मनेगी विश्वकर्मा जयंती



**दल्लीराजहरा।** लौह अयस्क नगरी दल्लीराजहरा में 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाएगी। नगर पालिका क्षेत्र के राजमिस्त्री, वेल्डर, बढ़ई, मैकेनिक, वाहन चालक व अन्य तकनीकी कारीगर इस दिन अपना कार्य बंद कर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करेंगे। शहर के विभिन्न कार्यशालाओं, गैराजों, फैक्ट्रियों और मकानों में भी विश्वकर्मा पूजा होगी। इस दौरान मशीनों और औजारों की विधि-विधान से पूजा की जाएगी, ताकि वर्षभर कार्य में सफलता और समृद्धि बनी रहे।

### बाइक छीनकर भागने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** बाइक छीनकर भागने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि रामनगर शासकीय स्कूल के पीछे वैशाली नगर निवासी सुनील यादव 28 अगस्त को अपनी मां के घर अर्जुन नगर से खाना खाकर बाइक सीजी-07 सी.टी 2584 से जा रहा था। रामनगर शुलभ के पास वो बाइक रोककर खड़ा था, इसी दौरान वहां अर्जुन नगर कैम्प-1 दक्षु बाड़ी निवासी प्रेम सिंह, मोहम्मद आलम पहुंचे। उन्होंने सुनील की बाइक की बाइक की चाबी छीनना शुरू कर दिया। सुनील ने उन्हें रोका तो उन्होंने उससे गाली गलौज कर मारपीट की और बाइक लेकर फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलगांव पुलिस ने आरोपी प्रेम को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर उसने अपने साथी मोहम्मद आलम के साथ मिलकर अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी प्रेम को पकड़कर जेल भेज दिया गया है। वहीं मोहम्मद आलम की तलाश जारी है।

### तिजोरी से नकदी और चेक पार

**भिलाई।** दुकान का शटर तोड़कर तिजोरी से नगदी रकम और चेक पार करने का मामला सामने आया है। सुपेला पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कन्ट्रेक्टर कालोनी भिलाई निवासी रविन्द्र कुमार गुप्ता घर के बगल में बिल्डिंग मटेरियल की दुकान है। जिसका संचालन रविन्द्र स्वयं करता है। वह रोज की तरह दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। अगले दिन 13 सितंबर की सुबह जब दुकान आया तो देखा कि दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ है। आलमारी और आस पास का सामान बिखरा पड़ा हुआ है। उसने तुरंत दुकान के गल्ले की जांच की तो उसमें से रकम भी पार हो गई थी। तिजोरी में 6 हजार रुपए नग, 4 चेक समेत अन्य सामान था।

### मजदूर के साथ मारपीट

**भिलाई।** मजदूर के साथ मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि ग्राम खेरधा भाठापारा निवासी उत्तम देशलहरे मजदूरी करता है। काम करके घर आने पर भाई बिरेन्द्र लहरे शराब पीकर पहुंचा और पीड़ित की पत्नी के साथ गाली गलौज करने लगा। उत्तम ने जब विरोध किया तो बिरेन्द्र ने उसे जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने लगा। घटना में पीड़ित के दाहिने हाथ एवं बांये हाथ में चोट आई है।

---

विशेषज्ञों ने दहेज, घरेलू हिंसा, पॉक्सो अधिनियम और गुड टच-बैड टच पर दी जानकारी

# रैली, शपथ व स्वास्थ्य शिविर के साथ मनाया रजत जयंती वर्ष का महतारी वंदन सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा




रजत जयंती वर्ष 2025 में जिला कार्यक्रम अधिकारी आर के जांबुलकर के दिशानिर्देश एवं जिला महिला बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू सर के मार्गदर्शन में दुर्ग ग्रामीण परियोजना के स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल अंजोरा(ख) में परियोजना स्तरीय महतारी वंदन सम्मेलन सह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ बाल विवाह रोकथाम हेतु दिलाई गई शपथ

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण, जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, जनपद अध्यक्ष श्री मती कुलेश्वरी देवांगन, जनपद सदस्य संगीता साहू,ग्राम सरपंच संतोष सारथी, माखन साहू,कृषि विज्ञान केंद्र से पोषण एवं आहार विशेषज्ञ डॉ निशा शर्मा,जिला विधिक प्राधिकरण, आईसीपीएस टीम, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला सशक्तिकरण केंद्र हब उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से किया गया। माननीय ललित चंद्राकर ने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है, शासन द्वारा बेटियों को सशक्त बनाने के लिए शासन के विभिन्न विभागों के द्वारा इस तरह के कार्यक्रम और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रिया साहू ने बालिकाओं को स्कूल या कहीं बाहर जाने की स्थिति में अपने आत्म सुरक्षा हेतु विशेष ध्यान देने के बारे में कहा। विधिक प्राधिकरण से श्री बाल मुकुंद चंद्राकर, भाग्य नाते, संतोष कसार, वकील विभा मिश्रा द्वारा विद्यालय के छात्र, छात्राओं एवं ग्रामीण महिलाओं को दहेज प्रताड़ना अधिनियम, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, घरेलु हिंसा के प्रकार, पॉक्सो नियम,अन्य विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। चन्द्र प्रकाश पटेल, लोकमणि ने गुड टच बैड टच, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, बाल विवाह अधिनियम की जानकारी दी। असंती साहू ने सखी वन स्टॉप सेंटर के बारे में विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की। डॉ निशा शर्मा ने एनीमिया के कारण, लक्षण व निदान के बारे बताया और सभी को अपने खान पान पर विशेष ध्यान देने हेतु प्रेरित किया गया। परियोजना अधिकारी उषा झा ने विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया। दुर्ग ग्रामीण से उपस्थित पर्यवेक्षकों ने सुकन्या समृद्धि योजना,नोनी सुरक्षा ,प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, महतारी वंदन योजना,माहवारी स्वच्छता, चुप्पी तोड़ो,कन्या विवाह, कुपोषण की जानकारी दी। कार्यक्रम अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं रजत जयंती वर्ष की रैली निकाली गई तथा उपस्थित जन समूह को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ भी दिलाई गई।

रजत जयंती वर्ष 2025 में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मेगा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 42 किशोरी कार्यक्रम में पंच करण वैष्णव, प्राचार्य होरीलाल चतुर्वेदी, शिक्षक सरस्वती श्रीवास्तव के साथ साथ स्कूल के सभी शिक्षकगण, परियोजना दुर्ग ग्रामीण से पर्यवेक्षक इंदु मिश्रा, रेखा लोनारे, प्रमिला वर्मा, गीतांजलि भैसारे, सोनल सोनी,चंद्रकला वर्मा, ममता साहू, ग्राम अंजोरा से कार्यकर्ता आरती वैष्णव विजयलक्ष्मी सरोजिनी अरुणा राधा, ग्राम अंजोरा की सभी सहायिकाएं, दुर्ग ग्रामीण परियोजना के सभी सेक्टर से कार्यकर्ता एवं ग्राम अंजोरा की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

---

# पितृपक्ष में सब्जी हुई महंगी गोभी-शिमला 100 रुपए किलो



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



त्योहारी सीजन शुरू होने से पहले ही सब्जियों के दाम आसमान छूने लगा हैं। पितृ पक्ष और नवरात्रि-दशहरा जैसे प्रमुख पर्वों के पहले ही सब्जियों की कीमतों में अचानक उछाल आ गया, जिससे आम घर-गृहस्थी की रसोई पर सीधा असर पड़ने लगा है।

दल्लीराजहरा शहर के बाजारों में हरी और लोकल सब्जियों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। गोभी, शिमला मिर्च, सेमी और परवल जैसी रोज़मर्रा की सब्जियां 80 से 100 रुपए किलो तक बिक रही हैं। आलू, प्याज और टमाटर जैसे बेसिक सब्जियों के दाम भी धीरे-धीरे ऊपर चढ़ने लगे हैं। दल्लीराजहरा स्थानीय सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि बारिश और परिवहन खर्च बढ़ने के चलते सब्जियों की सप्लाई प्रभावित हो रही है। वहीं, त्योहारों के कारण मांग बढ़ने से दामों में और आग लग गई है। महिलाओं और गृहिणियों का कहना है कि रोजमर्रा की रसोई संभालना मुश्किल होता जा रहा है। लोगों का कहना है कि पहले ही महंगाई ने जेब ढीली कर दी है, अब सब्जियों के दाम ने अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। त्योहारों पर जहां परिवारों को खास पकवान और व्यंजन बनाने का मौका मिलता है, वहीं सब्जियों के आसमान छूते दाम लोगों की खुशियों पर पानी फेरने का काम कर रहे हैं।

---

### मरीजों को सुचारू रूप से स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही: मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**बालोद।** जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों को सुचारू रूप से स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में 196 उप स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित हैं। जिसमें एनएचएम कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल में होने के कारण वहाँ पदस्थ नियमित ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष के द्वारा स्वास्थ्य संबंधी कार्यों का निर्वहन किया जा रहा है। जिस उप स्वास्थ्य केन्द्र में नियमित कर्मचारी पदस्थ नहीं हैं, वहाँ वैकल्पिक व्यवस्था कर स्वास्थ्य सुविधा को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नियमित डॉक्टर, नियमित आरएमए एवं अन्य नियमित स्टॉफ के द्वारा स्वास्थ्य सुविधा को सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बीपी शुगर एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक दवाई उपलब्ध है, जो नियमित कर्मचारी द्वारा मरीजों को समय समय पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

---

# सांसद खेल महोत्सव के तहत विविध खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत जिले के ग्रामीण, विधानसभा और लोकसभा स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं।

सांसद खेल महोत्सव का आयोजन युवा प्रतिभागियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने, ग्रामीण और शहरी स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करने तथा फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि खेल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए युवाओं को वेबसाईट में 25 सितम्बर तक अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। सांसद खेल महोत्सव के अवसर पर जिले में ग्रामीण, विधानसभा एवं लोकसभा स्तर पर अलग–अलग अवधियों में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस खेल महोत्सव में तीन आयु वर्गों 18 वर्ष तक, 18–40 वर्ष, और 40 वर्ष से अधिक के महिला व पुरूष प्रतिभागियों को शामिल होने का मौका मिलेगा। महोत्सव में विविध खेल और मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिसमें खो–खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, 100 मीटर दौड़, रस्साकशी, गेड़ी दौड़, गिल्ली–डंडा, और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल शामिल हैं। इसके साथ ही फिट इंडिया कार्निवल और मनोरंजन गतिविधियों का भी आयोजन होगा, जो प्रतिभागियों के लिए आनंददायक अनुभव लेकर आएगा।

---

# चूल्हापथरा में कबड्डी प्रतियोगिता और भूमिपूजन, भैयाराम सिन्हा मुख्य अतिथि





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा विधानसभा क्षेत्र के गुरुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम चूल्हापथरा में कब्बडी प्रतियोगिता एवं भूमिपूजन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होने 10 लाख रूपये की लागत से बनने वाले टीन शेड निर्माण का भूमिपूजन किया। पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने ग्रामवासी को संबोधित करते हुए विधायक निधि से होने वाले नवीन टीना शेड निर्माण से आने वाले दिनों में बारिश गमएँ से होने वाली परेशानी से निजात मिलेगा, ग्राम में सांस—तिक, धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रम सुव्यवस्थित तरीके से संचालन किया जा सकेगा। कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कब्बडी भारत की प्राचीन पारंपरिक खेल है, खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए विजयी प्राप्त करे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री शादिक अली, महामंत्री एवं जोन प्रभारी सुमीत राजपूत, गोपाल राठी, सरपंच तेजराम साहू, बूथ अध्यक्ष उत्तम साहू, मीडिया प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर शिवम कुरैटी, उपसरपंच, पंच सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

# युक्तियुक्तकरण सुनवाई के बहाने 250 शिक्षक चार महीने से घरों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

युक्तियुक्तकरण सुनवाई के बहाने 250 शिक्षक अपने घर बैठे हैं। वह भी एक-दो सप्ताह से नहीं बल्कि पिछले चार महीने से। यानी नौकरी सरकारी पर सरकार के आदेश का पालन ये नहीं कर रहे। जिन विद्यार्थियों के पढ़ाने के लिए सरकार ने नौकरी दी उनके भविष्य की चिंता ही नहीं। इसलिए कि इतने शिक्षकों के स्कूल नहीं जाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई इतने महीने तक प्रभावित हो रही है। सरकार के नियम के हिसाब से पढ़ाई नहीं तो वेतन नहीं,इसमें घिर गए हैं।

## इस तरह के मामले युक्तियुक्तकरण शिक्षकों के

### ज्वाइनिंग ही नहीं दी

1 युक्तियुक्तकरण में ऐसे शिक्षक हैं जिन्होने अतिशेष होने के बाद विभागीय काउंसिलिंग में हिस्सा लिया। जिन जिलो के स्कूलों में उनके विषय के पद रिक्त थे उनका चयन किया। चयनित स्कूलों पर विभाग ने पदस्थापना आदेश जारी किया। आदेश के बाद शिक्षक उस स्कूल में अब तक ज्वाइनिंग नहीं दी। वर्तमान में ये किसी भी स्कूल में पदस्थ नहीं हैं।

### ज्वाइनिंग लेकर घर बैठे

2 युक्तियुक्तकरण में ऐसे शिक्षक भी है जो काउंसिलिंग में आए। विभाग द्वारा जारी रिक्त पदों पर अपनी सहमति दी। उसके आधार पर शिक्षा विभाग ने उस स्कूल में ज्वाइनिंग करने का आदेश निकाला। आदेश के बाद शिक्षक उस स्कूल में गया और ज्वाइनिंग ले ली। ज्वाइनिंग के बाद फिर दोबारा पढ़ाने के लिए स्कूल नहीं गए और घर में बैठे हैं।

## ज्वाइनिंग नहीं होने से शिक्षकों को ये नुकसान

### घटना से नहीं मिलेगा क्लेम

1 शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यदि शिक्षक ज्वाइनिंग नहीं लिया है तो इस अवधि तक जितने महीने स्कूल नहीं गया है वह वर्तमान में वह सरकारी कर्मचारी नहीं माना जाएगा। ऐसे में यदि किसी शिक्षक के साथ कोई दुर्घटना हो जाएगी तो वह सरकारी तौर पर क्लेम का अधिकारी नहीं रहेगा। दुर्भाग्य से यदि मौत हो जाती है तो उसके परिजन अनुकंपा नियुक्ति के दायरे में भी नहीं आएंगे। इसलिए कि वर्तमान में उसकी सर्विस ब्रेक हैं और वह सरकारी कर्मचारी ही नहीं है।

### वरिष्ठता होगी प्रभावित

2 सर्विस ब्रेक की स्थिति में ऐसे शिक्षकों का वरिष्ठता पर व्यापक असर पड़ेगा। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक यदि किसी शिक्षक की वरिष्ठता 7 अप्रैल 2018 है। उसका सर्विस ब्रेक 120 दिन यानी चार महीने की है। ऐसे में जब वह ज्वाइनिंग करता है जो वरिष्ठता की गणना 7 अगस्त 2018 वाले कैडर में चला जाएगा। इससे उनके प्रमोशन में भी दिक्कतें आएगी।

### पढ़ाई नहीं तो वेतन नहीं

स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक सरकार का नियम है कि पढ़ाई नहीं तो वेतन भी नहीं। यानी जो शिक्षक तीन या चार महीने से स्कूलों में पढ़ाई करवाने नहीं पहुंचे है उनकी हाजिरी रजिस्टर में अनुपस्थिति दर्ज हो रही है। हाजिरी रजिस्टर के हिसाब से ही शिक्षकों का वेतन पास होता है। इस हिसाब से जितने महीने तक शिक्षक गैरहाजिर हैं उतने दिनों का सर्विस ब्रेक मानी जाएगी। ऐसे शिक्षकों की जानकारी भी राज्य के पास भेजा जा रहा है।

### इस तरह प्रभावित हो रही पढ़ाई

स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की कमी हो गई है। जिस जिले के स्कूल में उन्हे भेजा गया है वहां वे पढ़ा नहीं रही हैं। इसलिए ऐसे स्कूलों के विद्यार्थियों की पढ़ाई शुरू नहीं हो पा रही है। तिमाही परीक्षा 18 सिंतबर से शुरू होने जा रही है। ऐसे में विद्यार्थी अपनी परीक्षा कैसे देंगे इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

### मंगवाई है शिक्षकों की जानकारी

युक्तियुक्तकरण की सुनवाई चल रही है। 250 शिक्षकों की सुनवाई पूरी हो चुकी है। इन शिक्षकों ने ज्वाइनिंग नहीं किया है। ऐसी स्थिति में उनकी हाजरी भी संबंधित स्कूल में नहीं लग रही है। हमने ऐसे शिक्षकों की जानकारी मंगवाई है।

**- आर एल ठाकुर,** संयुक्त संचालक दुर्ग शिक्षा संभाग

---

## पेज 11 के शेष

### आत्मानंद स्कूल में यातायात ...

25,000–25,000रू. अर्थदण्ड एवं तीन वर्ष तक की सजा संबंधी मोटरयान अधिनियम के प्रावधानो के बारे में अवगत कराया गया। यातायात पुलिस बालोद स्कूल प्रबंधको एवं पालको से अपील किया जाता है कि नाबालिक छात्र–छात्रओं से सड़क दुर्घटनाएं न हो इसके लिए अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवें। हमेशा यातायात नियमों का पालन करे, शराब सेवन कर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए अपने तथा अन्य व्यक्तियों की जान जोखिम में न डाले हमेशा यातायात नियमों का पालन करे आम जनो एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए बालोद पुलिस सदैव तत्पर है। संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें। साइबर अपराधों से बचाव हेतु विद्यार्थियों को बताया गया कि मोबाइल का लत एवं गलत उपयोग कैसे विद्याथएँ जीवन को प्रभावित करता है, सोशल मीडिया अपराध, ऑनलाइन गेमिंग, अनजान लिंक और ओटीपी शेयरिंग से जुड़े साइबर फ्रॉड के खतरों के बारे में बताया गया। मोबाइल का उपयोग पढ़ाई एवं कौशल विकास हेतु नियंत्रित समय सीमा में करने सुरक्षित इंटरनेट का उपयोग, मजबूत पासवर्ड, और व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने के टिप्स दिए गए। छात्रें को यह भी जानकारी दी गई कि साइबर अपराध होने की स्थिति में वे 1930 पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

### कबड्डी प्रीमियर लीग में 8 ...

के अध्यक्ष लक्ष्मण देवांगन, सचिव डीलेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष उमेश साहू, लोकनाथ निषाद, शिव कलिहारी, हिरेंद्र कुमार साव, प्रेमदास मानिकपुरी, पुष्पकांत, महेंद्र कुमार दिल्लीवार, राजेंद्र साहू, ज्ञानेश्वर साहू, रवि कुमार, सोमेश देवांगन, प्रदीप नाग, लोकेश बालेश एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### सरकार नवरात्रि में ...

मंडल जैसे महत्वपूर्ण बोर्ड और निगमों में उपाध्यक्षों व सदस्यों के डेढ़ दर्जन से ज्यादा पद रिक्त हैं।

**भाजपा दावेदारों की नजरें टिकीं:** मंत्रिमंडल विस्तार और प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी के ऐलान के बाद अब विधायकों की नजर संसदीय सचिवों पर है, जबकि संगठन से जुड़े नेताओं की निगाह निगम-मंडल व आयोग की नियुक्तियों पर है। भाजपा के प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व के बीच इस पर सहमति बन चुकी है।

**करीब तीन दर्जन पदों पर होगा फैसला:** कुल मिलाकर इस बार नवरात्रि पर भाजपा के लगभग तीन दर्जन नेताओं को जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी है। ऐसे में पार्टी के दावेदारों की निगाहें प्रदेश सरकार की ओर टिकी हुई हैं। यह ऐलान नवरात्रि पर्व पर भाजपा नेताओं के लिए किसी “राजनीतिक प्रसाद” से कम नहीं होगा। अब देखना दिलचस्प होगा कि आखिर किसे लाल बत्ती का तोहफा मिलता है और किसकी उम्मीदें अधूरी रह जाती हैं।

### स्कूटी को शरारती तत्वों ने ...

जी क्रमांक सीजी 07 बीबी 5877 को किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दिया, जिसे जलते हुये देखकर तत्काल आग को बुझाये है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरी स्कूटी क्रमांक सीजी 07 बीबी 5877 में आग लगाने से स्कूटी के सीट एवं सामने भाग जल कर नुकसान हुआ है।

---

प्रतिभागियों को 25 सितंबर तक वेबसाईट पर करना होगा रजिस्ट्रेशन

# कलेक्टर ने रजत जयंती वर्ष के अवसर पर सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने रजत जयंती वर्ष के अवसर पर बालोद जिले में खेल गतिविधियों के सफल संचालन, विकास एवं विस्तार के संबंध में संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के खेल संघ एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर इस संबंध में विस्तृत चर्चा की।

इस दौरान उन्होंने बैठक में उपस्थित खेल संघ एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ जिले में खेल गतिविधियों के सफल संचालन विकास एवं विस्तार के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए खेल संघ एवं खेल संस्थानों के प्रतिनिधियों से जिले में इस कार्य को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने हेतु आवश्यक सुझाव भी लिए। कलेक्टर मिश्रा ने जिले में खेल गतिविधियों के विस्तारीकरण के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं खेल प्रेमियों को अधिक से अधिक खेल गतिविधियों से जोड़ने के उपाय भी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जिले में क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना, सांसद खेल महोत्सव, आवश्यक खेल सामग्रियों की उपलब्धता, जिले में बहुद्देशिय इण्डोर हॉल का निर्माण की प्रक्रिया के अलावा जिले के खेल संघ एवं संस्थाओं के मांगों के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की। बैठक में मिश्रा ने युवा प्रतिभाओं को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने, ग्रामीण एवं शहरी स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करने तथा फिट इण्डिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीण, विधानसभा स्तर एवं लोकसभा स्तर पर आयोजित सांसद खेल महोत्सव के आयोजन के तैयारियों के संबंध में भी संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली।

उन्होंने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के अवसर पर जिले में ग्रामीण, विधानसभा एवं लोकसभा स्तर पर अलग–अलग अवधियों में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान खो–खो, कबड्डी, वालीवॉल, दौड़, रस्सा–कस्सी, गेड़ी दौड़, गिल्ली डण्डा, लंबी कूद आदि प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके अंतर्गत 18 वर्ष तथा 18 से 40 वर्ष एवं 40 वर्ष से अधिक आयु के वर्ग के पुरूष एवं महिला प्रतियोगियों के लिए अलग–अलग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कलेक्टर ने जिले में तीन स्तर पर आयोजित होने वाली सांसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके अलावा उन्होंने मुनादी एवं अन्य माध्यमों से सांसद खेल महोत्सव के आयोजन के समुचित प्रचार–प्रसार करने के भी निर्देश दिए। मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगियों को खेल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए वेबसाईट में 25 सितम्बर 2025 तक अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

## खबर संक्षेप

### जीएसटी में सुधार से मध्यम व सामान्य वर्ग होंगे लाभान्वित

**गुंडरदेही।** नगर पंचायत अध्यक्ष ने नेक्स्ट जेन जीएसटी के तहत किए गए नए सुधारों की सराहना की है। उन्होंने इसे आर्थिक विकास और पारदर्शिता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया। नए नियमों से जीएसटी रिटर्न फाइलिंग की प्रक्रिया अब डिजिटल और स्वचालित हो गई है, जिससे गलतियों की संभावना कम होगी। प्रमोद जैन ने कहा कि छोटे कारोबारियों के लिए जीएसटी पंजीकरण को आसान बनाया गया है और अनावश्यक कागजी कार्रवाई खत्म कर दी गई है। कुछ विशेष वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी की दरें कम की गई हैं, जिससे रोजमर्रा की चीजों की कीमतें स्थिर रहेंगी और आम आदमी को आर्थिक राहत मिलेगी। अध्यक्ष ने बताया कि इन बदलावों से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (व्यापार करने में आसानी) में काफी सुधार होगा और क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा। अध्यक्ष ने लोगों से इन सुधारों का लाभ उठाने और अपने व्यापार को अधिक व्यवस्थित बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि इन सुधारों का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे।



### सोने-चांदी ने खरीदना सामान्य वर्ग की पहुंच हुआ दूर

**दल्लीराजहरा।** इस साल सोना-चांदी की कीमतों ने ऐतिहासिक छलांग लगाई है। पिछले 9 महीनों में सोना 34 हजार और चांदी 43 हजार महंगी हो चुकी है। लगातार बढ़ते दामों ने जहां खरीदारों के माथे पर शिकन ला दी है, वहीं निवेशकों की बल्ले-बल्ले हो गई है। स्थानीय सर्राफा व्यापारी संदीप गोगड़ ने बताया- सोना और चांदी की कीमतें इस समय अंतरराष्ट्रीय बाजार से प्रभावित हैं। त्योहारी सीजन और शादी-ब्याह का समय करीब है, जिससे मांग और बढ़ेगी। हमें उम्मीद है कि चांदी डेढ़ लाख का आंकड़ा जल्द पार कर जाएगी। व्यापारी ओम जैन ने कहा लगातार बढ़ते दामों ने ग्राहकों की जेब पर असर डाला है, लेकिन फिर भी लोग खरीदारी से पीछे नहीं हट रहे। कई ग्राहक छोटे आभूषण या हल्के वजन की ज्वेलरी चुन रहे हैं।स्थानीय निवासी सविता साहू ने कहा सोना-चांदी आम लोगों की पहुंच से दूर होता जा रहा है। त्योहारों और शादियों में अब जेवर खरीदना मुश्किल हो गया है। निवेशक धर्मेंद्र जैन ने कहा हम जैसे निवेशकों के लिए सोना-चांदी हर समय सुरक्षित सौदा है। दाम चाहे जितने भी बढ़ें, इसकी कीमत और भरोसा कभी कम नहीं होता।



## निधन

### डीएल टंडन

**डौडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम बडगांव निवासी सेवानिवृत अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग डीएल टंडन 68 वर्ष का 14 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 सितंबर सोमवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिकगण एवं परिवारजन उपस्थित रहे। वे देवेंद्र टंडन के पिता, यशवंत टंडन, घना टंडन के बड़े भाई व अशोक टंडन के चाचा थे।



**शोभायात्रा**

हम बदलेंगे युग बदलेगा- नारों से गूंजा बालोद, शक्ति कलश शोभायात्रा

# गायत्री शक्तिपीठ से शक्ति कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अखिल विश्व गायत्री परिवार मुख्यालय नवयुग की गंगोत्री गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के मार्गदर्शन में 8 से 11 दिसंबर को शक्ति संवर्धन 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसके पूर्व तैयारी स्वरूप में 14 सितंबर को गायत्री शक्तिपीठ बालोद में जिला स्तरीय शक्ति कलश दर्शन शोभायात्र निकाली गई।

- समाज सुधार और राष्ट्र निर्माण का संदेश लेकर निकली शोभायात्रा

जिसका शुभारंभ प्रातः 10 बजे वेदमंत्रें द्वारा विशेष पूजन किया गया, गायत्री महायज्ञ आयोजन समिति अध्यक्ष दशरथ कलिहारि ने बताया कि विश्व कल्याण के निमित्त गायत्री परिवार द्वारा व्यक्ति, परिवार, समाज व राष्ट्र निर्माण के लिए जनोपयोगी रचनात्मक कार्यक्रम चलाया जा रहा है, इसे गति देने हेतु यह महायज्ञीय आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी राजनीति, समाज व धर्म से जुड़े हुए नागरिकों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।



मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला भाजपा के चेतन देशमुख ने कहा कि गायत्री महायज्ञ जैसे जनकल्याणकारी आयोजन में सभी नागरिकों को अपना अधिक समयदान, अर्थदान देकर पुण्य के भागीदार बनना चाहिए और दिव्य प्रेरणा लेकर समाज राष्ट्र को नई दिशा देना चाहिए समाज में व्याप्त नशा, खर्चीली शादी, मांसाहार, भ्रष्टाचार जैसे विनाशकारी धर्म विरुद्ध कर्म को त्यागना चाहिए, गायत्री परिवार से जुड़े करोड़ों साधकपरिजनों ने अखिल विश्व स्तर पर पिछले कई वर्षों से ऐसे रचनात्मक अभियान में लगे हुए हैं।

विशेष अतिथि गायत्री परिवार के कार्यकर्ता डा. शशिकांत फटिंग, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, माहेश्वरी समाज के जिला अध्यक्ष स्वरूप राठी, देवांगन समाज के जिला अध्यक्ष दीपक देवांगन, सेन समाज के जिला अध्यक्ष संतोष कौशिक, पटेल समाज के गिरधर पटेल ने भी अपने उद्गार व्यक्त किये, मंच संचालन गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्टी कमलनारायण साव ने किया, तत्पश्चात शांतिकुंज हरिद्वार से आये शक्ति कलश की भव्यशोभा यात्र निकाली गई। जिसमें जिले से शामिल गायत्री साधकों द्वारा प्रज्ञागीत, संकीर्तन विचार क्रांति युगसंगीत गाते एवं राष्ट्र निर्माण संबंधित हम बदलेंगे युग बदलेगा, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा जैसे क्रांतिकारी नारा लगाते हुए पूरे नगर को भ्रमण करते हुए गायत्री शक्तिपीठ में शक्ति कलश की आरती की गई, जिला स्तरीय गोष्ठी में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने हेतु व्यवस्थित रूप पात्र अनुरूप प्रभारी सौंपा गया, विराट युवा एवं नारी जागरण कार्यक्रम के लिए जिला प्रभारी दिलीप निर्मलकर एवं तुलसी साहू ने अपनी विचार व्यक्त किया। शोभा यात्र प्रभारी कार्यकर्ता राजेंद्र कुमार सिन्हा आयोजन के मुख्य उद्देश्य व लक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गायत्री का सद्ज्ञान है, जिसे विचार क्रान्ति के रूप में इस युग की समस्त समस्याओं का समाधान युग द्रष्टा युग निर्माण योजना के संस्थापक गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने लगभग तीन हजार से अधिक सत्साहित्य की रचना की है, जिसे विभिन्न स्तर पर जन जन तक पहुंचाया जा रहा है, नवयुग सतयुग की वापसी युग निर्माण साहित्य स्वाध्याय से ही होने वाली है, अतः वर्तमान समय में अनाचार भ्रष्टाचार को दूर करने का उपाय सद् विचार ही है।

कार्यक्रम में गायत्री परिवार के पांचो ब्लॉक समन्वयक लोचनराम साहू, धनसिंह गंजीर, चंद्रिका चंद्राकर, भोलाराम साहू, नंदकिशोर पिस्दा, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक मिलन सिन्हा, युवा प्रकोष्ठ के भोलेश्वर सिन्हा, विमल साहू, मुकेश साहू, नारी सशक्तिकरण जिला प्रभारी कांतिकमल साव, कमल टुवानी, ट्रस्टी खेमलाल साहू, टीआर. साहू, युगल किशोर साहू, हेमबती सिहारे, रेणुका, बीएस. नायडू, मोहनलाल साहू, नरेंद्र साहू, गोपाल साहू, नरेश कुमार साहू, ओमप्रकाश गजेंद्र, शंकर लाल साहू, पीलूराम साहू, पी. एल. सोनवानी, शांति साहू, शिव कलिहारि, रवि साहू, गंगाराम साहू, श्यामा साहू एवं क्षेत्र से परिजनों की उपस्थिति थी।



## स्थानांतरण पर संकुल समन्वयक का शिक्षकों ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

संकुल केंद्र पलारी के पूर्व संकुल समन्वयक दिलीप कुमार साहू की युक्तिकरण के तहत अन्य संकुल में स्थानांतरित होने पर संकुल केंद्र में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

संकुल समन्वयक के पद में रहकर सभी स्कूलों में सामंजस्य बनाकर गुरूर ब्लाक में पलारी संकुल का नाम अग्रणीय रखा और सभी शालाओं का समय–समय पर सहयोग प्रदान किया, इसके चलते संकुल केंद्र पलारी के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के शिक्षक मिलकर विदाई सहसम्मान समारोह का आयोजन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य सीआर ध्रुव ने की। विशेष अतिथि संकुल समन्वयक सोमलाल साहू एवं प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला पलारी बीआर साहू रहे। दिलीप कुमार साहू की विदाई के साथ संकुल केंद्र पलारी में युक्तियुक्तकरण के तहत आए मालती साहू एवं प्रेमा साहू का श्रीफल एवं पेन भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला पलारी के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला देवकोट मोहन सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक प्राथमिक शाला देवकोट शेखर साहू, प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पलारी पुष्पलता साहू, प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला सांगली अमरिया, तामेश्वर साहू, दुष्यंत कुमार देवांगन, लीलाराम सिन्हा, डीके साहू, कुंजाम, छत्रपाल साहू, ध्रुव, चतुर्वेदानी, राधिका साहू, लिकेश्वरी, भामिनी साहू एवं संकुल केंद्र पलारी के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## सेवा पखवाड़ा पर भाजपा की हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भाजपा मंडल रेंगाड़बरी के ग्राम भंवरमरा के गोंडवाना भवन में सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रमुख वक्ता देवेंद्र जयसवाल का स्वागत किया गया। भाजपा मंडल रेंगाड़बरी के अध्यक्ष उत्तरा घरेन्द्र ने 17 सितंबर मोदीजी के जन्मदिन से 25 सितंबर को दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से लेकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तक विभिन्न आयोजन विभिन्न सेवा कार्य हम सबको करना है। मुख्य वक्ता देवेंद्र जायसवाल ने कहा कि हमें इस सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान, रक्तदान, चित्रकला एवं मोदी के जीवनी पर कार्यक्रम करने हैं। आप सभी इस सेवा पखवाड़ा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले। बूथ स्तर तक इस कार्यक्रम को हम सबको करना है। इसके लिए आप प्रभारी की नियुक्ति कर कार्यक्रम को नीचे स्तर तक ले जाने का प्रयास करें। कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल के महामंत्री जगतपाल ने किया। आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री पूनम जैन ने किया। इस कार्यशाला में मण्डल उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह गोर, सेउक राम सोरी, खिलावन सिंह मण्डावी, रघुवीर सिंह खरे, मंत्री टोमन सिंह टेकाम, विजय कुमार पटेल, अंकुश कुमार कुंजाम, भीखम कुमार, पवन कुमार साहू, अंजोर सिंह, कंवल राम साहू, चुरामन दास, नरेंद्र कुमार साहू, कार्यक्रम के संयोजक राजेश कुमार पोर्ते, सदस्य बेनुराम साहू, नोहर सिंह कोरेटी आदि वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 100 किमी की जंग जीतकर डॉ. आलोक बने अल्ट्रा हीरो

**दल्लीराजहरा।** डॉ. दीक्षित ने इस मैराथन को जो कि जंगलों की कठिन और उबड़-खाबड़ पगडंडियों पर आयोजित हुई थी, रिकॉर्ड समय में पूरा किया। वे 42.2 किलोमीटर की 10 से अधिक मैराथन और 80 किलोमीटर तक की कई अल्ट्रा मैराथन पहले भी पूरी कर चुके हैं। डॉ. दीक्षित /"ची रनिंग/" के प्रमाणित ट्रेनर हैं, जो दौड़ने की वैज्ञानिक और सुरक्षित तकनीक को बढ़ावा देते हैं।

डॉ. आलोक की इस सफलता से पूरे छत्तीसगढ़, खासकर बालोद, दुर्ग और रायपुर में गर्व और उत्साह का माहौल है। उनके प्रशंसक और मरीज सोशल मीडिया पर उन्हें लगातार बधाई दे रहे हैं। यह उपलब्धि सिर्फ एक खेल उपलब्धि नहीं, बल्कि अनुशासन, धैर्य और एक स्वस्थ जीवनशैली का प्रतीक है, जो यह साबित करती है कि अगर इरादे मजबूत हों, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। दल्लीराजहरा। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक दीक्षित ने बेंगलुरु के पास मरसांद्रा के जंगलों में आयोजित हुई भसीन स्पोर्ट्स की 100 किलोमीटर की अल्ट्रा मैराथन को सफलतापूर्वक पूरा कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह दौड़ उन्होंने निर्धारित समय से पूरे 9 घंटे पहले ही पूरी कर ली, जो उनकी बेहतरीन फिटनेस और मजबूत इच्छाशक्ति को दर्शाता है।



## मोखा में आवास हितग्राहियों की लगी चौपाल, सीईओ ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम मोखा में आवास हितग्राहियों का चौपाल लगाया गया। जिसमें जनपद पंचायत गुरुर सीईओ उमेश रात्रे ने बताया कि सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री आवास जिसे लोगों के घरों का सपना साकार हो रहा है, इस योजना का भरपूर लाभ मिल रहा है, जिससे लोग पक्की मकान पाकर बेहद खुश और उत्साहित नजर आ रहे है। सीईओ ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर हितग्राहियों से जानकारी ली तथा उन्हे प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वर्ष 2024–25 में स्वीकृत आवासों में प्रगति लाने एवं विशेष रूप से अपूर्ण आवासों को समयावधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से आवास निर्माण करने निर्देशित किये। तकनीकी मार्गदर्शन, मनरेगा अंतर्गत अभिसरण, योजना से संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत प्रत्येक आवासों में रैनवाटर हार्वेस्टिंग बनाने के लिये प्रोत्साहित किये। इस अवसर पर अतिरिक्त सीईओ आरएल .सिरमौर एवं एनके.बागड़े, तकनीकी सहायक चन्द्रशेखर सिन्हा साथ ही पंचायत सचिव, सरपंच, पंचगण, रोजगार सहायक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

- अपूर्ण आवासों को समय पर पूरा करने पर जोर



## ग्रामों में मुनादी व दीवार लेखन से होगी आदि कर्मयोगी अभियान की शुरुआत

**बालोद।** आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के चयनित ग्रामों में कार्ययोजना बनाने तिथि निर्धारित किया गया है। जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि चयनित ग्रामों में आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस दौरान आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ग्राम में सतत मुनादी कराई जाएगी एवं दीवारों में दिवाल लेखन के साथ ही प्रस्तावित तिथि अनुसार सफल क्रियान्वयन हेतु आदि कर्मयोगी टीम के सदस्यों को सहयोग प्रदान करेंगें।

उन्होंने बताया कि ग्रामों में कार्ययोजना तैयार करने हेतु आवश्यक सामग्री मानचित्र बनाने के लिए कागज की बड़ी शीट, मार्रकर, रंगीन पॉउडर, रंगोली, पत्थर छड़े या स्थानीय सामग्री तैयार करना, बैठक व्यवस्था दरी, चूना. इत्यादि सामग्री एकत्र की जाएगी। उन्होंने बताया कि ग्राम पोड़ में 17 सितंबर को कार्य योजना बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

इसी प्रकार ग्राम कोचवाही में 18 सितंबर, बड़भूम में 19 सितंबर, कपरमेटा में 20 सितंबर, नारागांव में 22 सितंबर, बोहारडीह में 23 सितंबर, डोकला में 24 सितंबर, चिरचारी में 25 सितंबर, अर्जुनी में 26 सितंबर, बगदई में 27 सितंबर और खैरडीगी में 29 सितंबर को कार्ययोजना बनाने हेतु कार्यवाही की जाएगी।

## शिक्षकों को शाल-श्रीफल व ईश्वरीय सौगात भेंट कर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ब्रह्माकुमारीज गुण्डरदेही द्वारा वरदानी भवन मे शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम मे गुण्डरदेही विकासखंड के शिक्षक शामिल हुए, जहां सभी शिक्षको को ब्रम्हकुमारीज बहनो द्वारा शाल श्रीफल और ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप में ब्लॉक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ टीचर एसोसिएशन गुण्डरदेही राजेंद्र कुमार देशमुख, संचालिका सेवा केंद्र गरियाबंद बीके बिंदु दीदी, सेवानिवृत्त शिक्षक दीपक तिवारी, प्रधान पाठक रौना प्रवीण लोन्हारे उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नैतिक, चारित्रिक और मानवीय मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात कर श्रेष्ठ समाज की पुनस्र्थापना करना है, तभी हम परिवार, समाज और देश को बदल सकते हैं। सर्वप्रथम वरदानी भवन की संचालिका बीके ममता बहन के द्वारा स्वागत भाषण दी गई। राजेंद्र कुमार देशमुख ने कहा कि एक डॉक्टर, डॉक्टर नही बना सकता, एक इंजीनियर, इंजीनियर नहीं बना सकता लेकिन एक शिक्षक में डॉक्टर, इंजीनियर, वकील कलेक्टर सब कुछ बनाने की क्षमता होती है। बीके कुंती दीदी ने डॉक्टर राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह साधारण परिवार में जीवन यापन करते हुए समाज सेवा में इतनी अग्रणी थे कि वह भारत में ही नहीं अपितु विदेशों में भी सम्मान पाया। उन्होने सभी शिक्षको को शाला में बच्चों को नैतिक, आध्यात्मिक एवं चारित्रिक मूल्यों का विकास कर समाज के साथ देश के नव निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने पर जोर दिया। बिंदु दीदी ने कहा कि शिक्षक स्वयं बादशाह नहीं होते, लेकिन अपनी विद्यार्थियों को बादशाह बनाते हैं, इसकी खुशी की अनुभूति उन्हें तब होती है जब उनके द्वारा पढ़ाए गए विद्याथएँ किसी उच्च पद पर आसीन होते हैं। बीके लेखनी बहन ने ब्रह्माकुमारी संस्था का संपूर्ण परिचय देते हुए संस्था का मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में संस्था से जुड़े अरुण साहू, योगेश, संजय, जितेंद्र, कीर्तन, सोमनाथ, नरेंद्र, लेखराम, लता बहन एवं वर्षा बहन सहित ब्रम्हकुमारीज के अन्य





**न्यायालय तहसीलदार अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. .... ब/27 वर्ष 24-25

सर्वसाधारण ग्राम नवागांव (डु) का सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश कुमार आ. भुनेश्वर प्रसाद जाति तेली साकिन नवागांव (डु) तहसील अर्जुन्दा द्वारा आवेदक के पत्नी श्रीमती त्रिलेखा साहू पुलिस लाइन सुकमा में आरक्षक के पद पर पदस्थ था जिसका प्रसव के दौरान दिनांक 02.04.2025 को मृत्यु हो जाने के कारण उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र लिए जाने हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय बालोद को पेश किया गया है।

आवेदक को मृतक त्रिलेखा साहू जो आरक्षक के पद पर पदस्थ था जिसकी मृत्यु दिनांक 02.04.2025 को होने के कारण आवेदक राकेश कुमार आ. भुनेश्वर प्रसाद को साकिन नवागांव (डु) तहसील अर्जुन्दा को उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र दिये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा करना हो तो दिनांक 30.09.2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में आये हुए आपत्ति या दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.09.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
अर्जुन्दा,
जिला बालोद छ.ग.

## कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुईं जिपं सभापति कल्पना साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शहीद ग्राम उमरपोटी में नवयुवा क्रीड़ा मंडल के तत्वावधान में एक दिवसीय कब्बडी प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना साहू थीं। मंच पर सरपंच ग्राम गातापार उमरपोटी रेवाराम साहू, शिक्षक ऋषिकांत साहू, प्रेमिन साहू, श्यामलाल विश्वकर्मा, दयालुराम महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा दक्षिण पाटन साहू, रतनु ठाकुर, डिगेंद्र साहू, रोहित कुमार साहू अतिथि मंचासीन थे। हारने वाले नर्वस होने के बजाय दृढ़ संकल्पित मेहनत कर मंजिल की ओर बढ़े। मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू ने कहा कि उमरपोटी मेरा मायका है और मायके में मुख्य अतिथि बनकर मंच से कबड्डी प्रतियोगिता देख बरबस बचपन की याद ताजा हो गई। यह मेरे लिए बहुत ही मार्मिक क्षण है, जिसे शब्दों में बया नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जीवन में जीत और हार का खेल चलता रहता है, हारने वाले को कभी नर्वस नहीं होना चाहिए, बल्कि अधिक सजगता के साथ खेलकर मन वांछित सफलता प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकलित होकर मेहनत में जुट जाना चाहिए। विजयी टीम को बधाई दिये। समिति के खोमेंद्र नेताम, कुंदन, टूपेन्द्र, गुलशन, कमलेश यादव, अभिषेक सेन सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।





HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नगर पंचायत पलारी में छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर पंचायत पलारी में शासन की योजना के अंतर्गत छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारिणी सदस्य बालोद संतोष गंगबेर, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति नगर पंचायत पलारी मनीष गुरुपंच, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति नंद कुमार साहू, राजेश साहू, प्रेम गंगबेर, आसाराम जयमाला, तेजराम साहू, ज्ञान प्रकाश साहू, राजेंद्र साहू, सहित एवं समस्त शाला परिवार उपस्थित थे।

### ग्राम खेरथा में उचित मूल्य राशन दुकान शुरू



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम पंचायत कोसागोंदी के आश्रित ग्राम खेरथा में उचित मूल्य राशन दुकान का शुभारंभ किया गया। जहां पूर्व मे ग्राम खेरथा के ग्रामीणो को अपना राशन सामान लेने के लिए अपने आश्रित ग्राम कोसागोंदी आना पड़ता था। जिसके तहत ग्रामीणो को लगभग 4 किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ता था। गांव की समस्त पंचायत प्रतिनिधीयों के सहयोग से उचित मूल्य राशन दुकान का शुभारंभ किया गया। जिसमें तुलसी कमलेश्वर साहू, लुप्रभा साहू, सूरज कुमार साहू, अशवन पटेल, भाग्यश्री अग्रवाल, नंदिनी साहू, सुनीता पटेल उपस्थित थे।

### सशिमं की छात्राओं ने जीतीं सांस्कृतिक स्पर्धा



**जामगांव आर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा दुर्ग विभाग स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव 2025 का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग कसारीडीह में हुआ। इसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के बाल वर्ग से कक्षा षष्ठ की छात्रा पूर्वा बंजारे ने शास्त्रीय नृत्य स्पर्धा में




द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं तरुण वर्ग के एकल भजन में कक्षा 12वीं की धात्री चंद्राकर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। निबंध में शिशु वर्ग से कक्षा पांचवी की छात्रा जया साहू ने तृतीय स्थान पर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभाग स्तर पर प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

**आयोजन : अतिथियों ने ग्रामीणों को भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का आव्हान किया**

# सांगली में हुई रामधुनी और झांकी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

रामसत्ता आयोजन समिति सांगली के तत्वावधान में तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय भव्य रामसत्ता नित्य रामधुनी गायन वादन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी संजारी बालोद एवं पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा राकेश यादव थे। अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू ने किया।

विशेष अतिथि सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल सनौद खेमलाल देवांगन, सभापति जनपद पंचायत गुरुर हरिकृष्ण गंजीर, सदस्य जनपद पंचायत गुरुर आशीष कुमार साहू, पूर्व मंडी सदस्य बालोद उज्जवल सिंह साहू, सरपंच ग्राम पंचायत सांगली तुलज राम साहू, उपसरपंच ग्राम पंचायत सांगली मुरलीधर साहू, बूथ प्रभारी सांगली जीवराखन साहू, बूथ प्रभारी सांगली चंद्रहास अडील के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ।



### सामुदायिक भवन और रंगमंच के लिए 15 लाख घोषित

मुख्य अतिथि राकेश यादव ने कहा भगवान राम का दरबार सांगली में सजा है, ग्राम में राम राज्य की स्थापना के लिए ऐसा कार्य हमें करना चाहिए। उन्होंने कहा श्री रामचंद्र भगवान के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास किया जायेगा, इससे ग्राम, समाज एवं हमारा परिवार में सुख शांति रहे, तभी यह कार्यक्रम हमारा सफल होगा। सरपंच की मांग पर राकेश यादव ने 10 लाख का सामुदायिक भवन एवं 5 लाख का कला मंच बनाने के लिए घोषणा की। अतिथियों ने कहा ग्राम सांगली में सुख शांति बनी रहे और संगठन बनाकर जीवन में काम करें और ग्राम का विकास करें। श्री रामचंद्र भगवान के आदर्शों पर चलने का बात कही, समस्त ग्रामवासियों ने राकेश यादव के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर डोमार सिंह साहू, ओमप्रकाश साहू, जीवरखन साहू, बाल्मीकि निषाद, सोहनलाल पटेल, हेमन साहू, नेम सिंह सिन्हा, मनोहर साहू, चंद्रहास अडील, अशोक पटेल, चंद्रहास सिन्हा, किशन लाल साहू, पुनीत पटेल, सूरजपाल साहू एवं आयोजक समिति के समस्त सदस्य, ग्राम पंचायत सांगली के समस्त पंचगन ग्राम विकास समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन बसंत साहू और टेमन साहू भारी गांव वाले ने किया।

### साल्हेभाट में दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता आज से

**गुरूर।** ग्राम साल्हेभाट में दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता 16 सितम्बर से प्रारंभ होगी, जिसका समापन 17 सितंबर को किया गया है। इसके उद्घाटन के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू रहेंगी। अध्यक्षता सदस्य जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू करेंगे। विशेष अतिथि संतोश प्रजापति, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर अजीत कुंजाम, सुरेन्द्र मंडावी उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह में 17 सितंबर को मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा रहेंगी। अध्यक्षता महामंत्री ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर सुमीत राजपूत करेंगे। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत मुड़गहन रेश्मा तिलेश्वर सिन्हा एवं पंचगण पूर्व सदस्य जनपद पंचायत गुरूर रामेश्वर ध्रुव रहेंगे।



### तितुरगहन में हुई दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता

गुरूर। ग्राम तितुरगहन में दो दिवसीय रामधुनी गायन वादन एवं झांकी प्रतियोगिता हुई। इसके समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी संजारी बालोद एवं पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा रायपुर राकेश यादव थे।

अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू ने किया। विशेष अतिथि सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर दुर्गानंद साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल सनौद खेमलाल देवांगन, उपाध्यक्ष भाजपा मंडल सनौद दुखिया साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरुर हरिकृष्ण गंजीर, सदस्य जनपद पंचायत गुरुर आशीष कुमार साहू, सरपंच ग्राम पंचायत गगोरीपार प्रीतीलता लिलम साहू, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत गगोरीपार आसा देवदास, बूथ अध्यक्ष भगोली राम साहू, शत्रुघ्न लाल साहू, बहुत सिंह यादव के अतिथि में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर धनऊ राम साहू, कमलेश्वर बनपेला, डॉ. पन्नालाल जयमाला, चमन लाल साहू ,संतोष कुमार साहू, ईश्वरलाल अशटबंधु, पूरनलाल जयमाला, मोहित कुमार अशटबंधु, भाव सिंह साहू, तामेशवर साहू एवं आयोजक समिति के समस्त सदस्य ग्राम पंचायत गोगरीपार के समस्त पंचगन ग्राम विकास समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### डोकला में हुआ रामधुनी झांकी सम्मेलन

**गुरूर।** ग्राम डोकला में एक दिवसीय रामधुनी झांकी सम्मेलन हुआ। इसके शुभारंभ पर मुख्य अतिथि जनपद सदस्य जनपद पंचायत गुरूर सुभद्रा ईशा प्रसाद साहू थीं। अध्यक्षता आयोजन समिति अध्यक्ष गिरधर सिन्हा ने किया। विशिष्ट अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत दरगहन त्रिशा अश्वनी बंजारे, उपसरपंच ग्राम पंचायत दरगहन युवराज साहू, पूर्व अध्यक्ष किसान संघ बालोद देवचंद साहू, ग्रामीण अध्यक्ष सुखीत राम नागवंशी, तुलेश कुमार साहू, सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश साहू एवं पंचगण उपस्थित थे। समापन समारोह में



मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत बालोद सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर व जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू थे। अध्यक्षता अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत दरगहन त्रिभा अश्वनी बंजारे, जनपद सदस्य जनपद पंचायत गुरूर संतोशी साहू, जनपद सदस्य जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, जिला अध्यक्ष भाजयुमो गुरूर आदित्य पीपरे, भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रमोद सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत बोहारडीह राजेन्द्र साहू, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष पुरानिक सिन्हा, लेमंथ कलिहारी एवं पंचगण उपस्थित थे। पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने कहा भगवान राम के संदेश आज भी मानव जीवन के लिए आदर्श है। उनके आदर्श विपरीत परिस्थितियो मे भी हमें मार्ग दिखाते हैं। कार्यक्रम की सफलता तभी है जब मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों पर चल ग्राम मे राम राज्य लाने का काम करें। जब प्रत्येक ग्राम में भगवान राम के आदर्श संदेशों का अनुसरण होगा, तो भारत को विश्व गुरू बनने से कोई नहीं रोक सकता।

## हिन्दी, एकता व सांस्कृतिक गौरव का स्वर : विनोद साव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा में रविवार को "हिन्दी दिवस" समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें शैक्षणिक, अशैक्षणिक कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजन कुमार दुबे, चेयरमैन, शैलदेवी महाविद्यालय एवम् मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध साहित्यकार एवं पूर्व सहायक प्रबंधक (सी.एस.आर. विभाग, बी.एस.पी.) श्री विनोद साव उपस्थित हुए। मुख्य वक्ता ने अपने व्यक्तव्य में हिन्दी भाषा को "एकता और सांस्कृतिक गौरव का वैश्विक स्वर" बताते हुए कहा कि हिन्दी न केवल भारत की पहचान है, बल्कि विश्व स्तर पर भारतीय संस्कृति और समाज की आत्मा के रूप में स्थापित हो रही है। भाषा अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। हमारी संस्कृत,हिंदी और छत्तीसगढ़ी भाषा की व्याकरण उत्कृष्ट तथा उसकी मारक क्षमता बड़ी तीव्र और तीक्ष्ण है। परंतु इसके काव्य शैली बहुत सुंदर है वे आगे कहते हैं कि तुलसी के आराध्य किरीट धारी राम नहीं वरन वनवासी मर्यादा पुरुषोत्तम राम है। इस प्रकार हिंदी भाषा व साहित्य पर प्रकाश डालते हुए उसकी मान्यताओं एवम् विकास क्रम को व्यक्त किया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि विद्यार्थियों ने हिन्दी दिवस पर प्रभावशाली ढंग से मुख्य वक्ता से संवाद स्थापित कर विषयानुकूल प्रश्न भी पूछे। इस संवादात्मक शैली ने कार्यक्रम को सार्थक और प्रेरणादायी बना दिया।

कार्यक्रम समापन के अवसर पर चेयरमैन महोदय द्वारा मुख्य वक्ता को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। सुव्यवस्थित रूप से कार्यक्रम का संचालन जीतेश मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रश्मि पांडे, उप प्राचार्य ने किया। इस प्रकार शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा का हिन्दी दिवस समारोह हिन्दी भाषा के गौरवशाली स्वरूप और सांस्कृतिक एकता का सशक्त संदेश प्रदान करने में सफल रहा।



## आवारा पशुओं से किसान त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

गांव में किसान का मुख्य जीवकोपार्जन का स्त्रोत धान उत्पादन करना है, परंतु दुख तब होता है, जब महीनों की मेहनत से फसलों की सुरक्षा, देखरेख पश्चात अंतिम दिनों में फसलों को मवेशियों द्वारा चर दे या नुकसान पहुंचा दे। अमूमन क्षेत्र के सभी किसान आवारा पशुओं से परेशान हैं। यही हाल सम्बलपुर के किसानों का भी है।

ज्ञात हो कि पूर्व सरकार द्वारा गौठान संचालित की गई थी, उसी गौठान स्थल को सुरक्षित व्यवस्थित करते हुए गांव के मंदिर समिति द्वारा ग्रामीण फसल सुरक्षा व्यवस्थापन के तहत प्रति घर के हिसाब से किसानों से प्रति एकड़ 200 रुपए सहयोग लेकर आवारा पशुओं को रखा जाता है। चारा पानी व्यवस्था करते हुए प्रतिदिन चरवाहे द्वारा चारा चराने की व्यवस्था की जाती है। वर्तमान में लगभग 100 आवारा मवेशी सतत देखरेख में है। चार- चार चरवाहे इसी कार्य के लिए अलग से लगाए गए हैं। बावजूद अभी अचानक से सैकड़ों की संख्या में आवारा मवेशी को अज्ञात लोगों द्वारा नर्सरी और खरखरा नाली के पास छोड़ दिया गया,



जिसमें लगभग 20 मवेशी के कानो में टैग लगा हुआ है। गांव में फसलों को बहुत नुकसान होने से किसान चिंतित है। कानों में लगे टैग से पशु पालक की पहचान कर उस पर कार्रवाई करने की अनुविभागीय अधिकारी से किसानों ने गुहार लगाई है।

और चेतावनी भी दी है, अगर लापरवाह पशु मालिक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती है, तो मुख्य राजमार्ग पर चक्काजाम के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमन लाटिया, ओमप्रकाश पटेल, मधु साहू, अभय साहू, अनुज साहू, देवराज रात्रे, कुलेश्वर निषाद, अनिल पटेल, प्रदीप नायक आदि शामिल थे।

## बाबा दरबार धनोरा में नवरात्रि की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में कुंवार नवरात्रि पर्व की तैयारी की बैठक दरबार में किया गया जिसमें निर्णय लिया गया कि 22 सितंबर सोमवार को दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी एवं पंडित विनय शर्मा के द्वारा विधी विधान के साथ पुजा पाठ करके घट स्थापना किया जाएगा।

पंचमी 27 सितंबर शनिवार को शाम 7 बजे से माता रानी की सिंगार कलश चढहावा 30 सितंबर मंगलवार को शाम 4 बजे से हवन महाअष्टमी 1 अक्टूबर बुधवार को शाम 4 बजे शोभा यात्रा ज्योति विसजर्न दरबार से निकलकर गली भ्रमण एवं हर रोज शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक माता सेवा प्रसाद वितरण गुलाब साहू एवं हेमंत साहू जी के मंडली द्वारा दरबार में ज्योति जलवाने के इच्छुक भक्त गण 751 रुपए जमा करकर अपना स्थान सुरक्षित करा सकते हैं। संपर्क गुलाब किराणा स्टोर्स बजरंग पारा बाबा दरबार धनोरा मे इस बैठक में मुख्य रूप से शामिल रहे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी विनोद साहू जी राजू यादव मनसुखा साहू नंद पंडा मनोज पटेल रोमनाथ साहू बबलू गज्जू रायपुरीहा जीवराखन



ठेकेदार बाबू लाल साहू दिनेश साहू चन्द्र कांत देवांगन एमलाल देवांगन मारियल साहू कुंभकरण पटेल मुनना गंधर्व सुनील पेन्टर योगेश साहू केदार मंडल रोशन साहू वासुदेव स्प्रे दिनेश यादव रामु यादव चीन्टू साहू तबला वादक भोलू साहू ओमकार साहू टीकम गुमान साहू कल्याण देवांगन तोमन गजपाल डॉ धनेशवर साहू रोहित नागरे सुंदर स्प्रे उमेश साहू रुपलाल साहू आदि भक्त गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

## भाजपा की मंडल कार्यशाला हुई






**गुरूर।** भाजपा मंडल मिरींटोला पुरूर में सेवा पखवाड़ा–मंडल कार्यशाला हुई। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में राकेश छोटू यादव जिला महामंत्री भाजपा बालोद, पूर्व विधायक बालोद प्रीतम साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल मिरींटोला पुरूर टुकेश्वर पांडे, कार्यक्रम संयोजक यदिप साहू, सहसंयोजक संजय साहू एवं पोखन लाल साहू, महामंत्री भाजपा मंडल मिरींटोला पुरूर राकेश सिन्हा, जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिलोकी साहू एवं यादराम साहू, उपाध्यक्ष मेहत्तर नेताम, उपाध्यक्ष होमशंकर साहू, कोषाध्यक्ष प्रहलाद साहू, कुबेर साहू, रेणुका गजेंद्र, पूर्व जनपद अध्यक्ष डामेश्वरी साहू, जनपद सदस्यसंतोषी साहू, मंत्री आरती साहू, अजेंद्र साहू, राजेंद्र साहू, धर्मेंद्र साहू, अजय साहू सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

अंतिम 6 दिन
SAVE UN-LIMITED
UP TO 50 % LESS
सूटिंग्स, शर्टिंग्स, साड़ियाँ, मैचिंग्स, ड्रेस मटेरियल्स, सलवार सूट्स, बेड शीट्स, टॉवेल, नेपकीन
SUNDAY OPEN
महेन्द्र कम्पनी
मोदी सन्स
मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 4049406/7/8

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े
कानों की रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 नवंबर से 10 नवंबर 2025, 13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

स्वामी जी-93406-38884
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, वशिष्ठ, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहटी
यात्रा दिनांक 30 अक्टूबर 2025, 20 नवंबर 2025, 18 दिसंबर 2025, 11 जनवरी 2026 मकर संक्रांति स्नान, 10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

COMPLETE CARDIAC CARE UNDER ONE ROOF
अत्याधुनिक बाईपास सर्जरी
आपके दिल का सच्चा साथी
डॉ. आकाश बख्शी
MBBS, DNB, ( CARDIOLOGY )
Consultant – Interventional Cardiologist
हृदय से जुड़ी सभी बीमारियों का इलाज
• कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग (CABG)
• मिनिमली इनवेसिव हृदय सर्जरी
• वॉल्व रिपेयर या वॉल्व रिप्लेसमेंट
• एंजियोग्राफी
• हार्ट अटैक, हृदय के वाल्व से संबंधित विकार
• एंजियोप्लास्टी
ECG रिपोर्ट भेजें और जानिए अपने दिल का हाल WHATSAPP पर निःशुल्क 7440711113
9755421861, 0788-2990458
AAROGYAM SUPERSPECIALITY HOSPITAL
NH53, डीमार्ट के सामने, कदंबरी नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़